INDIAN SCHOOL SOHAR **SET -2**

FORMATIVE ASSESSMENT -4 (2015-16)

कक्षा ः **10** विषय ः हिन्दी (पाठ्य□म ब) पूर्णांक ः **20**

दिनांक ः -1-2016 समय ः **40** मिनट

निर्देश ः **1** इस प्रश्नपत्र में कुल **9** प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

2 प्रश्न का उत्तर लिखने से पहले उसका □ांक अवश्य लिखा जाए।

प्रश्न - **1** अपठित गद्यांश ः **4**

आम लक्ष्मीपतियों के भोजन की शोभा तथा गरीबों की उदरपूर्ति का अति उत्तम साधन है। पके फल को तरह -तरह से सुरक्षित करके भी रखते हैं। रस का थाली□चकले□कपड़े इत्यादि पर पसार□धूप में सुखा "अमावट" बनाकर रख लेते हैं। यह बड़ी स्वादिष्ट होती है और इसे लोग बड़े प्रेम से खाते हैं। कहीं कहीं फल के रस को अंडे की सफेदी के साथ मिलाकर अतिसार और आ□के रोग में देते हैं। पेट के कुछ रोगों में छिलका तथा बीज हितकर होता है। कच्चे फल को भूनकर पना बनाकर□नमक□जीरा□हींग□पोदीना इत्यादि मिलाकर पीते हैं□जिससे तरावट आती है और लू लगने का भय कम रहता है। आम के बीज में मैलिक अम्ल अधिक होता है और यह बीमारी में उपयोगी है।आम की लकड़ी गृहनिर्माण तथा घरेलू सामग्री बनाने के काम आती है। यह ईधन के रूप में भी अधिक बरती जाती है। आम की उपज के लिए कुछ -कुछ बालूवाली भूमि□जिसमें आवश्यक खाद हो और पानी का निकास ठीक हो□उत्तम होती है। आम की उत्तम जातियों के नए पौधे प्राय□भेंटकलम द्वारा तैयार किए जाते हैं। आम की विशेष उत्तम जातियों में वाराणसी का लँगड़ा, बंबई का अलफांजो तथा मलीहाबाद और लखनऊ के दशहरी तथा सफेदा उल्लेखनीय हैं।

ऊपर दिए गए गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

प्रश्न -अ) आम के पके फल को किस तरह से सुरक्षित कर के रखा जाता है□

प्रश्न -ब) आम के स्वास्थ वर्धक उपयोग बताइए।

प्रश्न -स) आम की लकड़ी के क्या उपयोग हैं□

प्रश्न - द) आम की उपज के लिए किस प्रकार की भूमि चाहिए

प्रश्न -2 क) रेखांकित पदों के भेद बताइए। 1

माया ने दोकिलो आम शीघ्र ही खरीदे।

ख) निम्न समासों का विग्रह करके भेद लिखिए। 1

श्वेत कमल सेनानायक

प्रश्न - 3 निम्न वाक्य को संयुक्त वाक्य में बदलिए। 1

वर्षा होने के कारण स्कूल बंद हो गया।

प्रश्न - 4 निम्नलिखित मुहावरे का प्रयोग करके वाक्य बनाइए ः 1

आखों में धूल झोंकना

प्रश्न - 5 वाक्य शुद्ध करो । 1

क) हमें परस्पर आपस में नहीं लड़ना चाहिए ।

ख) शेर को सामने देखकर मेरा होश उड़ गया।

प्रश्न – 6 दीपक से किस बात का आग्रह किया जा रहा है और क्यों ? 'मधुर मधुर मेरे दीपक जल' कविता के आधार पर लिखिए । 2

प्रश्न - 7 'गिन्नी का सोना पाठ' के आधार पर वर्तमान समय में जीवन में आवश्यक शाश्वत मूल्यों की सूची बनाइए । 3

प्रश्न – 8 टोपी शुक्ला पाठ के आधार पर बताइए कि घर में बच्चों के साथ कैसा व्यवहार किया जाना चाहिए ☐ 3

प्रश्न - 9 विज्ञापन लेखन :

किसी काल्पनिक कंपनी की नई कार का प्रचार करने हेतु आप एक विज्ञापन तैयार कीजिए। 3

....